# स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरे में शहर के गली-मोहल्ले

## पार्षद ने नपा के उपयंत्री पर लगाए लापरवाही के आरोप, कार्यवाही की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** रात में शहर के लोगों को अंधेरा से परेशान न होना पड़े, इसके लिए नगर पालिका ने स्ट्रीट लाइटें लगवाई हैं, लेकिन उचित प्रबंधन और देखरेख के अभाव के कारण शहर में लगी स्ट्रीट लाईटे बंद पड़ी हुई है। तो वहीं शहर के अधिकांश इलाकों में स्ट्रीट लाईट व्यवस्था दमतोड़ चुकी है। वहीं जब इनमें सुधार के लिए उपयंत्री को अवगत कराया जाता है, तो वहां इसे गंभीरता से न लेते हुए औपचारिकता निभाते नजर आते है, जिसकी बजह से रात के समय में लोगों को अंधेरे के कारण काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। लोगों की इन्ही समस्याओं और उपयंत्री की कार्यशैली से नाखुश नपा नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड 18 के पार्षद रीतेश जैन आजाद ने मोर्चा खोलते हुए एक आवेदन मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम नपा प्रशासन को सौंपा है। जिसमें उन्होंने उपयंत्री की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली की



जांच की मांग की है।

### लाइनमैन बनाता है मटीरियल नहीं होने का बहाना

वहीं वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद ने बताया कि उनकी वार्ड में करीब 12 लाइटें पिछले 20 दिनों से बंद हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है। जब लाइनमैन से बात की जाती है, तो उनका रटा-रटाया जवाब मिलता है कि हमारे पास एलईडी या मटीरियल नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि अभी हाल ही में 13 तारीख को 33 लाख रुपए के लाइट सुधार मटीरियल की बिड (टेंडर) ओपन हो चुकी है।

दरअसल बुधवार को वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद रीतेश जैन द्वारा सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि शहर के करीब 40 से 50 फीसदी पोल पर लगी लाइटें सालों से बंद पड़ी हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर जब स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के प्रभारी उपयंत्री (सब-इंजीनियर) आयुष वर्मा को बार-बार सूचित किया जाता है, तो महज औपचारिकता पूरी की जाती है और हफ्तेभर बाद लाइटें फिर गुल हो जाती हैं। हैरानी की बात यह है कि उपयंत्री वर्ष 2018 से अशोकनगर में पदस्थ हैं और पिछले 4 वर्षों से स्ट्रीट लाइट का कार्य देख रहे हैं, इसके बावजूद बस्तियों में अंधेरा पसरा है।

***इनका कहना है,***

*पार्षद महोदय द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे है, वह गलत है, क्योंकि आंधी के कारण लाइन फाल्ट हो गई थी, शहर में तीन लाइनमैन है, जिसके चलते काम करने में समय लगता है। वहीं वार्ड 18 की स्ट्रीट लाईटों में सुधार करवाकर उन्हें चालू करवा दिया गया है। हमारे पास कई और काम है, जिसके चलते रात्रि भ्रमण लाईनमैन एवं सुपरवाईजर द्वारा किये जाते है, जहां दिक्कत होती है, वहां सुधार कार्य कराया जाता है। वहीं जो टैंडर लगा है, उसके वर्कऑर्डर जारी नहीं हुए है।*

***आयुष वर्मा, उपयंत्री***
***नगरपालिका अशोकनगर।***



# प्राणपुर घाटी पर लकड़ी से भरा ट्रक पलटा, टला बड़ा हादसा

**ब्रेक फेल होने के कारण हुआ हादसा**

**चालक और क्लीनर चलती गाड़ी से कूदे, हुए घायल**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** चंदेरी थाना अंतर्गत प्राणपुर घाटी पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्राम नावनी से गुरार की लकड़ी भरकर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश जा रहे एक ट्रक के अचानक ब्रेक फेल हो गए। ढलान पर ट्रक अनियंत्रित होता देख चालक और क्लीनर ने सूझबूझ दिखाई और अपनी जान बचाने के लिए चलती गाड़ी से ही घाटी के बीच में छलांग लगा दी। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में चालक व क्लीनर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल चालक ड्राइवर करण 24 वर्ष, पिता कृष्ण अहिरवार निवासी- खरगापुर चंद्रपुर और क्लीनर सोनू पिता कोमल अहिरवार निवासी- खरगापुर अपने ट्रक में लकड़ी भरकर जा रहे थे, इसी बीच उसके ब्रेक फैल हो गए है, हादसे के बाद चलती गाड़ी से कूदने के कारण ट्रक चालक और क्लीनर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सबसे ज्यादा चोटें ड्राइवर को आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को चंदेरी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है।

### एक नजर में

#### वीबीजी रामजी का शुभारंभ

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) बीबी राम जी के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय जन सम्मेलन सह लॉच कार्यक्रम का आयोजन 2 जुलाई को प्रात 10 बजे से शासकीय विधि कानून महाविद्यालय ग्राम बरखेड़ी अशोकनगर में किया गया है। जिसकी ड्यूटी लगाई गई है।

#### संबल योजना की राशि का अंतरण

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिवनी जिले से सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के हितग्रहियों को राशि का किया अंतरण किया गया। जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय, सहायक श्रम अधिकारी सुरभि रघुवंशी सहित हितग्राही उपस्थित हुए। अशोकनगर जिले के 152 हितग्राहियों को 03 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया।

# ट्रांसफर हुए पुलिसकर्मियों ने सरकारी क्वार्टरों पर जड़ा ताला, नए स्टॉफ को नहीं मिल रहा अशियाना

## जिले से मोह के कारण घर वापसी के इंतजार में बैठे पुराने कर्मचारी, महंगे किराये पर रहने को मजबूर कर्मी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय के आदेश पर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पिछले दिनों जिले में पुलिसकर्मियों के थोकबंद तबादले किए गए थे। इस फेरबदल का मकसद जमीनी स्तर पर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करना था,लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत एक नई समस्या के रूप में सामने आ रही है। स्थानांतरण होने के बावजूद कई पुलिसकर्मी अपने पुराने सरकारी आवासों का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं, जिससे नए आने वाले पुलिसकर्मियों के सामने रहने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

दरअसल सूत्रों की माने तो जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर अशोकनगर से दूसरे थानों या



जिलों में कर दिया गया है, उनमें से कई कर्मचारी अभी भी अपनी घर वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उन्हें यह आस है कि आने वाले दिनों में किसी न किसी तरह उनका तबादला पुनः इसी जगह पर हो जाएगा। इसी उम्मीद के चलते वे अपने नए तैनाती स्थल पर तो नौकरी कर रहे हैं, लेकिन अशोकनगर जिले में स्थित अपने पुराने सरकारी क्वार्टर की चाबी अपने पास रखकर उस पर ताला लटकाए हुए हैं।

### नए पुलिसकर्मियों की बढ़ी परेशानीः

इस अघोषित कब्जे का सीधा खामियाजा उन नए पुलिसकर्मियों को भुगतना पड़ रहा है, जो दूसरी जगहों से ट्रांसफर होकर अशोकनगर जिले में या फिर थानों में आए हैं। नियमानुसार ज्वाइनिंग के बाद उन्हें सरकारी आवास आवंटित होना चाहिए, लेकिन पुराने कर्मचारियों द्वारा क्वार्टर खाली न करने के कारण नए स्टाफ के लिए जगह ही नहीं बची है। वहीं आवास उपलब्ध न होने के कारण नए पुलिसकर्मी शहर में महंगे किराए के कमरों में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा रहने की उचित व्यवस्था न होने से पुलिसकर्मी मानसिक रूप से परेशान हैं,जिससे उनकी कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है।

### ताक पर रखे नियम, हो रहे मनमाने कामः

नियमों के मुताबिक, तबादला होने के एक निश्चित समय (रियायती अवधि) के भीतर सरकारी आवास खाली करना अनिवार्य होता है। तय समय सीमा के बाद भी क्वार्टर खाली न करने पर संबंधित कर्मचारी से दंडात्मक दर (मार्केट रेंट) पर किराया वसूलने और अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद विभाग के कुछ रसूखदार कर्मचारी नियमों को ठेंगा दिखाकर क्वार्टरों पर कुंडली मारे बैठे हैं। यह गौर करने वाली बात ये है कि जब कानून के रखवाले ही नियमों को ताक पर रखकर सरकारी संपत्तियों पर कब्जा जमाए रखेंगे, तो आम जनता के बीच क्या संदेश जाएगा? तो वहीं इस अव्यवस्था के चलते विभाग के भीतर ही असंतोष पनप रहा है। अब देखना यह होगा कि पुलिस अधीक्षक और जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेकर कब तक इन ताला लगे क्वार्टरों को खाली कराने की मुहिम शुरू करते हैं, ताकि नए आए पुलिसकर्मियों को उनका हक मिल सके और वे बिना किसी मानसिक तनाव के अपनी सेवाएं दे सकें।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में जिले को मिली शत प्रतिशत उपलब्धि

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जिले को शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई है। जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून तक संचालित किया गया। इस अभियान के तहत जिले के 01 लाख 57 हजार 161 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाए जाने के लक्ष्य के विरुद्ध 01 लाख 57 हजार 236 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.जयकृत सिंह ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष साकेत मालवीय के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक शत प्रतिशत उपलब्धि के साथ संपन्न हुआ। अभियान के दौरान प्रत्येक पोलियो बूथ तक समय पर वैक्सीन एवं आवश्यक सामग्री पहुंचाने,माइक्रोप्लान के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा उसके बाद लगातार दो दिनों तक घर-घर जाकर जन्म से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को दो बूंद जिंदगी की पोलियों की खुराक पिलाई गई। इस कार्य में जिला स्वास्थ्य समिति की समस्त टीम अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ता, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी विभागों को पूर्ण सहयोग रहा। सभी के समर्पण अनुशासन और टीम भावना से ही यह उपलब्धि संभव हुई है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के समापन के अवसर पर बावड़ी उत्सव मनाया

**शाढ़ौरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा बुधवार को कुंडलपुर (शाढ़ौरा) में मां सरस्वती की पूजन,दीप प्रज्वलित, रंगोली व श्रमदान कर बावड़ी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी , विशिष्ट अतिथि धर्मवीर रघुवंशी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा, सतपाल सिंह जाट विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, बलवीर सिंह यादव नर्सरी संरक्षक और समाजसेवी तथा जगदीश शर्मा सब इंस्पेक्टर आदि अतिथि उपस्थित थे। सर्व प्रथम अतिथि द्वारा मां सरस्वती एवं कन्या पूजन कर व अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान समापन पर अभियान की रूपरेखा व बावड़ी उत्सव की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी ने बावड़ी बचाने के लिए ग्रामीण को जागृत होने की अपील की। धर्मवीर सिंह रघुवंशी जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ने केंद्र व राज्य शासन द्वारा अनेकों योजना चलाई जा रही है इसकी जानकारी दी तथा ग्रामीणों से अपील कि इसका अधिक से अधिक लाभ ले। श्री सतपाल जाट ने कहा है कि जीवन का एक ही लक्ष्य होना चाहिए पर्यावरण बचाये , व्यक्ति के जन्मदिन, शादी समारोह और पुण्यतिथि पर एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। नर्सरी संरक्षक बलबीर सिंह यादव ने बताया की इस पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधारोपण व जल संरचनाएं संरक्षित करना अनिवार्य है। सब इंस्पेक्टर जगदीश शर्मा ने बताया कि आपको जहां भी जगह मिले एक पौधा अवश्य लगाये, जिससे प्राकृतिक संतुलन बना रहे।

# बस-बाइक की टक्कर में भाई-बहन घायल, भाजपा नेता ने पहुंचाया अस्पताल, उपचार जारी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ईसागढ़ रोड स्थित रूहाना गांव के पास बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। समय रहते उन्हें अस्पताल पहुंचाए जाने से उनका उपचार शुरू हो सका।

जानकारी के अनुसार, बमौरीताल निवासी रितिक रघुवंशी और उनकी बहन नैन्सी रघुवंशी अपने मामा के घर से बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान रूहाना गांव के पास उनकी बाइक की एक बस से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर पड़े। उसी समय ईसागढ़ जा रहे नारायण प्रसाद शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, घटनास्थल



पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए मानवता का परिचय देते हुए अपने निजी वाहन से दोनों घायलों को तत्काल ईसागढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू कराया गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचने से घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सकी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# एबीवीपी का नगर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**प्रशिक्षण में नवीन कार्यकारिणी घोषित**

**रामस्वरूप अध्यक्ष तो भूपेंद्र बने नगर मंत्री**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अशोकनगर द्वारा कार्यकर्ताओं की वैचारिक और संगठनात्मक क्षमता को निखारने के लिए नगर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न बौद्धिक सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, छात्र नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण की विचारधारा का गहन प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन सत्र में सत्र 2026-27 के लिए नवीन नगर कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई। इसमें सर्वसम्मति से रामस्वरूप नामदेव को नगर अध्यक्ष एवं भूपेंद्र ओझा को नगर मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया।

संगठन विस्तार के लिए नई टीम को मिले दायित्व

घोषित कार्यकारिणी में संगठन को गति देने के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुखों की घोषणा की गई, जिनमें उपाध्यक्ष व सह मंत्री श्रीमती अंजू यादव (नगर उपाध्यक्ष), पृथ्वी सोनी, शिवकांत शर्मा एवं लक्ष्मी सहरिया (नगर सह मंत्री), गिर्राज शर्मा (कार्यालय मंत्री), सूर्यांश शर्मा ( प्रमुख), कुणाल रघुवंशी ( प्रमुख), रजनी अहिरवार (कला मंच प्रमुख), हर्ष शर्मा (खेल प्रमुख)] भविष्य (सोशल मीडिया संयोजक), सुमित रघुवंशी (विद्यालय प्रमुख), विपिन अहिरवार (महाविद्यालय प्रमुख) सहित यश रघुवंशी, सुखबीर संधू, नमन यादव, गौरव मोदी एवं विनय यादव को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश:

शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित विभाग संगठन मंत्री सतेन्द्र सिंह सिकरवार ने युवाओं को दायित्वबोध और राष्ट्र निर्माण की सीख दी। वहीं प्रांत सह मंत्री हिमांशु शर्मा ने कार्यकर्ता निर्माण पर प्रशिक्षण दिया, वहीं विभाग संयोजक (गुना-अशोकनगर) अमन रघुवंशी ने नई टीम को बधाई देते हुए छात्रहित और राष्ट्रहित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ।

**सम्मान** | **सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ चिकित्सकों का किया गया सम्मान**

# वर्धमान कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय डॉक्टर डे

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार को शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान वर्धमान कान्वेंट स्कूल में एक भव्य एवं गरिमामयी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन को जीवनदान देने वाले और समाज में धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करना था।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉक्टरों के त्याग, समर्पण और निस्वार्थ सेवा भावना को दर्शाते हुए कई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीतों और नाटकों ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया।

नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों का किया गया सम्मान



समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में नगर के सुप्रसिद्ध और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीके जैन साहब एवं डॉ. सुगनचंद जैन उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने दोनों ही सम्मानित डॉक्टरों का शॉल, श्रीफल, पुष्पमालाएं और स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने कहा कि कोरोना काल से लेकर आज तक इन वरिष्ठ डॉक्टरों ने जिस प्रकार नगरवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा की है, वह अत्यंत वंदनीय है। डॉक्टरों ने भी बच्चों के इस सुंदर प्रयास की सराहना की और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के बहुमूल्य टिप्स दिए। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य सहित स्कूल स्टॉफ और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### महिला जैन मिलन ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय डॉक्टर डे के विशेष अवसर पर महिला जैन मिलन संगठन द्वारा चिकित्सा जगत के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगठन की वीरांगनाओं ने जैन नर्सिंग होम पहुंचकर निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान महिला जैन मिलन की अध्यक्ष श्वेता भोपाली, मंत्री प्रीति बाब और कोषाध्यक्ष अंजू कांसल ने अन्य वीरांगनाओं के साथ मिलकर नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. डीके जैन साहब, डॉ. केतन अरोड़ा और डॉ. नीलेश जैन का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय सम्मान किया।

# सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के तहत जिलेभर में सायबर अपराध के प्रति जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** डिजिटल दुनिया में बढ़ते सायबर फ्रॉड से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए अशोकनगर पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार और पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिलेभर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत व्यापक सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत पुलिस और सायबर सेल की टीमों ने स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सायबर सुरक्षा के पाठ पढ़ाए। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों जैसे कचनार, सेहराई, चंदेरी, देहात, बहादुरपुर, शाढौरा, मुंगावली, ईसागढ़ और नईसराय के अंतर्गत आने वाले गांवों, स्कूलों और बस स्टैंडों पर नुक्कड़ नाटक, रैली तथा संवाद कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में जिला सायबर सेल ने संस्कार अकादमी अशोकनगर में विशेष सत्र आयोजित कर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीके सिखाए।

एसपी ने दी सीख, भूलकर भी न करें ये गलतियां:

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जागरूकता ही सायबर अपराधों के खिलाफ सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी , बैंक डिटेल या पासवर्ड साझा न करें।


**//इश्तहार//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम फतेहाबाद तहसील चंदेरी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 49 रकवा 0 .596 हेक्टर भूमि में से अमोल सिंह पुत्र दौलत राम काछी कि फतेहाबाद तहसील चंदेरी के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि क्रमशः 1/4 तथा 1/24 भाग स्थित है उक्त भूमि पैत्रिक है तथा उत्तराधिकारी के क्रम में उक्त अमोल सिंह निवासी फतेहाबाद के नाम अंकित है पैत्रिक संपत्ति होने के कारण अमोल सिंह से उक्त भूमि विक्रय करने का अधिकार नहीं है।

उपरोक्त परिस्थिती में यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि किसी प्रकार अमोल सिंह से हस्तांतरित करवाता है तो हमारे द्वारा ऐसे हस्तांतरण को सक्षम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी जिसके परिणामों के लिए वह व्यक्ति स्वयं उत्तरदाई होगा ।

**दिनांक** 01/07/2026

**भवदीय**
**1.रामेश्वर पुत्र अमोल सिंह काछी**
**2 . अरविन्द पुत्र अमोल सिंह काछी**
**निवासी ग्राम फतेहाबाद तहसील चंदेरी**
**जिला- अशोकनगर**
**मोबाइल 8839617247**